परिशिष्ट [11/8/2021]
"प्रश्न क्र 644"

प्रश्न सं. [क्र. 644]

... Singh Yadav
. Minister MP Government
M.L.A.
Bhitarwar, Gwalior (M.P.)
New Family Block No.-1
Room No. 3, BHOPAL (M.P.)

...सिंह यादव
पूर्व मंत्री म.प्र. शासन
विधायक
वि. स. क्षेत्र 18-भितरवार (ग्वालियर)
निवास : लक्ष्मीगंज, लश्कर, ग्वालियर
मो.: 94251-19009, 99936-86555

क्रमांक ....

दिनांक 18/06/2021

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय
मध्य-प्रदेश शासन भोपाल

विषयः- मेरे विधानसभा क्षेत्र भितरवार में ग्राम पंचायत लोहारी, पलायछा इत्यादि स्थानों से भारीमात्रा में पनडुब्बी डालकर रेत माफियाओं द्वारा गुन्डोगिर्दी, दादागिरि कर जनप्रतिनिधियो पर झूठी FIR कराकर रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है।इसको तुरन्त बन्द कराने वावतः-

संदर्भ - 1. मेरा पत्र क्र 180 दिनांक 05.01.2021
2. मेरा पत्र क्र 193 दिनांक 11.01.2021
3. मेरा पत्र क्र 202 दिनांक 18.01.2021

--------x--------

माननीय महोदय,

मेरे संदर्भित पत्रों का कृपया अवलोकन करें जिनके द्वारा बार-बार कलेक्टर, एवं पुलिश अधीक्षक महोदय ग्वालियर को बडी मात्रा में अवैध उत्खनन के सम्बध में लिखित में तथा स्वयं मिलकर भी अवगत करा चुका है तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय आपको भी तथा श्रीमान मुख्य सचिव महोदय म.प्र. शासन भोपाल को भी अवगत करा चुका हूँ तथा फरवरी-मार्च 2021 विधानसभा सत्र में मेरे तारांकित प्रश्न जो कि दिनांक 25 फरवरी 2021 को प्रश्न क्र 2 पर चर्चा में था जिसमें माननीय श्री बृजेन्द प्रताप सिंह खनिज साधन मंत्री महोदय द्वारा सदन में मेरे प्रश्न के उत्तर में जबाब दिया था कि यदि कोई अवैध उत्खनन पनडुब्बी इत्यादि से पाया जावेगा तो निश्चित ही कठोर कार्यवाही की जावेगी महोदय प्रश्न दिनांक से वर्तमान तक बडी मात्रा में लुहारी खदान जहाँ पर किसी प्रकार की खनिज उत्खनन की स्वीकृति नही है। वहाँ से प्रतिदिन सैकडों

.....2.....

P.T.O.

... Singh Yadav
Minister MP Government
M.L.A.
Bhitarwar, Gwalior (M.P.)
New Family Block No.-1
Room No. 3, BHOPAL (M.P.)

लाखनसिंह यादव
पूर्व मंत्री म.प्र. शासन
विधायक
वि. स. क्षेत्र 18-भितरवार (ग्वालियर)
निवास : लक्ष्मीगंज, लश्कर, ग्वालियर
मो.: 94251-19009, 99936-86555

क्रमांक .... दिनांक 18/06/2021

की संख्या में नदी में पनडुब्बियॉ डालकर खुलेआम राजस्व, खनिज एवं पुलिश प्रशासन की मिली–भगत से खनिज माफिया पुलिश की दम पर गुण्डागिर्दी कर अवैध उत्खनन कर रहा है जिस पर तुरन्त रोक लगवाई जावे, वर्ना मजबूर होकर क्षेत्रीय जनता की परेशानी तथा उनकी बार–बार शिकायतों के कारण मुझे आन्दोलन करने को मजबूर होना पडेगा जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी शासन–प्रशासन की होगी।

Sd –

(लाखनसिंह यादव)

क्रमांक / खनिज / 2021–22 / 152 दिनांकः– 18 / 06 / 2021

प्रतिलिपिः–

(1) माननीय मुख्यमंत्री महोदय म0प्र0शासन भोपाल की ओर भेजकर पुनः अनुरोध है कि मेरे सदर्भित पत्रो पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही की गई है जो निर्वाचित विधायको के साथ बडा अन्याय है कृपया पुनः निवेदन है कि तुरन्त कार्यवाही कराने का कष्ट करे।
(2) माननीय श्री कमलनाथ जी पूर्व मुखमत्री एवं नेता प्रतिपक्ष म.प्र. विधानसभा भोपाल की ओर भेजकर निवेदन है कि मेरे संदर्भित पत्रो पर मेरे विधानसभा क्षेत्र में बडे पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन पर शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जो निर्वाचित विधायकों के साथ घोर अन्याय है कृपया सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु प्रषित है।
(3) माननीय खनिज साधन मंत्री महोदय म.प्र. शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं विधानसभा मे सदन मे 25 फरवरी 2021 को सम्पूर्ण सदन के समक्ष दिये उत्तर अनुसार आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु।
(4) श्रीमान मुख्य सचिव महोदय म.प्र. शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(5) श्रीमान प्रमुख सचिव महोदय खनिज साधन म.प्र. शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(6) श्रीमान आयुक्त महोदय ग्वालियर संभाग ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(7) श्रीमान कलेक्टर महोदय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(8) श्रीमान पुलिश अधीक्षक महोदय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(9) श्रीमान एस.डी.एम. महोदय भितरवार,ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एव आपके कार्यालय से मात्र 9 कि.मी. दूर पर प्रतिदिन सैकडों डम्फरो की संख्या में हो रहे अवैध उत्खनन को रोकने हेतु कार्यवाही करने बाबत।

(लाखनसिंह यादव)

अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग